Bharat Temples

शिरडी वाले साईं बाबा मेहरबानी आप की

शिरडी वाले साईं बाबा मेहरबानी आप की,
सब के बिगड़े काम बने है दुनिया दीवानी आप की,
शिरडी वाले साईं बाबा मेहरबानी आप की,

हर पल हर दिन आप ने हमारा ख्याल रखा है,
पाया सब ने जवाब जिसने अपना सवाल रखा है,
श्रद्धा सबुरी के फल मीठे कहे जुबानी आप की,
शिरडी वाले साईं बाबा मेहरबानी आप की,

मैं क्यों करू सोच विचार मुझे है साईं नाम से प्यार ,
सुख भी पाउ दुःख भी पाउ मुझको तो है दोनों स्वीकार,
जिस हाल में हम को रखो ये कदर दानी आप की,
शिरडी वाले साईं बाबा मेहरबानी आप की,

कब हरो गे अवगुण मेरे फ़िक्र ये मुझे सताती है,
कोई हो न हो दुनिया में बस साईं हमारा साथी है,
जब तक जियु जपु तुझको मैं ये जिंदगानी आप की,
शिरडी वाले साईं बाबा मेहरबानी आप की,

विषय विकारो के समन्दर में जब हम गोते खाते है,
मन को शांति मिल जाती है जब साईं सामने आते है,

हर मुश्किल का हल मिला जब मिले निशानी आप की,
शिरडी वाले साई बाबा मेहरबानी आप की,

Source: https://www.bharattemples.com/shirdi-vale-sai-baba-meharbani-aap-ki/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw